# मेधावी को बेस्ट आलराउंड यूपीईएस यूनिवर्सिटी स्वर्ण पदक

## 22वें दीक्षा समारोह में 17 छात्र-छात्राओं को केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्वर्ण पदक किए प्रदान

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस यूनिवर्सिटी के 22वें दीक्षा समारोह में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा मेधावी सिंह को बेस्ट आलराउंड परफार्मेंस यूपीईएस यूनिवर्सिटी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा एमटेक की छात्रा शिवरात्रि अमूल्य जीवन को बेस्ट पोस्ट ग्रेज्युट स्टूडेंट्स आफ इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक दिया गया। एलएलएम की छात्रा आंचल जायसवाल और बीए-एलएलबी की साक्षी तुलशियान को अपनी-अपनी संकाय से मेधावी छात्रा के लिए स्वर्ण पदक दिए गए। इन चारों छात्राओं को बतौर मुख्यअतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सम्मानित किया। दीक्षा समारोह में 17 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक और 61 छात्र-छात्राओं को विभिन्न संकाय से रजत पदक से सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुआत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलाजी एवं स्कूल आफ ला के छात्रों की परेड से प्रारंभ हुई। मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और उत्तराखंड के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर परेड के साथ मंच पर पहुंचे। इसके बाद मुख्यअतिथि ने स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलाजी एवं स्कूल आफ ला के छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान कीं। यूपीईएस के कुलपति डा. राम के शर्मा ने कहा कि दीक्षा समारोह यूपीईएस की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्योंकि हम प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित करते हैं। हमें उनकी अनूठी उपलब्धियों को पहचानने और एक्सीलेंस की संस्कृति को अपनाने में गर्व है। यह उत्सव ग्लोबल और नेशनल रैंकिंग में हमारी निरंतर वृद्धि को भी दर्शाता है, जो मजबूत इंडस्ट्री सहयोग, बेहतर रिसर्च, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता है।

साथ ही छात्रों को भविष्य के लीडर्स, नवाचारी और परिवर्तन करने वालों के रूप में आकार देने के हमारे समर्पण से प्रेरित है। 2024 का स्नातक वर्ग उद्देश्य और प्रभाव से भरा भविष्य बनाएगा। डा. राम के शर्मा ने यूपीईएस की हालिया उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। बताया कि कैसे स्टैनफोर्ड लिस्ट के अनुसार यूपीईएस के अब 46 संकाय सदस्यों को दुनिया के शीर्ष दो शोधकर्ताओं में मान्यता प्राप्त है। समारोह में उत्तराखंड के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कानून की पढ़ाई पूरी कर डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित कर कहा कि प्रत्येक छात्र को अपना करियर बनने के दौरान शिक्षा और संस्कार का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। स्वयं और परिवार को विकास करने के साथ राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। शिक्षा मनुष्य को ज्ञान और कौशल के साथ विनम्रता और एकता का पाठ भी पढ़ाती है। इस मौके पर विवि के अध्यक्ष डा. सुनील राय आदि मौजूद रहे।




यूपीईएस यूनिवर्सिटी के 22वें दीक्षा समारोह में उपाधि के साथ छात्र-छात्राएं और विवि के अध्यक्ष डा. सुनील राय और कुलपति डा .राम के शर्मा • जागरण




दीक्षा समारोह में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बीए-एलएलबी की छात्रा साक्षी को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान करते हुए। साथ में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर, उत्तराखंड के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, विवि के अध्यक्ष डा . सुनील राय व कुलपति डा .राम के शर्मा • जागरण

### पांच दिन चलेगा यूपीईएस यूनिवर्सिटी का दीक्षा समारोह

पहली बार यूपीईएस यूनिवर्सिटी का दीक्षा समारोह पांच दिनों तक चलेगा। शुक्रवार को पहले दिन स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलाजी एवं स्कूल आफ ला के छात्रों के छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। आगे यूपीईएस के सातों विद्यालयों में से प्रत्येक के अलग-अलग समारोह होंगे, जो प्रत्येक विषय के छात्रों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित करने के लिए मंच प्रदान करेगा। 26 नवंबर तक यूपीईएस के सभी विद्यालयों के छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी, जिससे स्नातकों और उनके परिवारों के लिए एक सार्थक और यादगार अनुभव होगा, क्योंकि छात्र को अपने परिजनों के साथ अपनी डिग्री प्राप्त करने का मौका मिल रहा है।

देहरादून की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com